01/03/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार कृषि क्षेत्र के विकास और ग्रामीण समृद्धि के दोहरे लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ आगे बढ़ रही है। कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर बजट के बाद वेबिनार को आज वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ने का भारत का संकल्प बहुत स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसे भारत के निर्माण की दिशा में मिलकर काम कर रहे हैं जहां किसान समृद्ध और सशक्त बनें। श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत अब तक किसानों को लगभग 3.75 लाख करोड़ रुपये प्रदान किए जा चुके हैं।

0000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन द्वारा कल नई दिल्ली में राज्य के पहले जियोग्राफिकल इंडेक्स (जीआई) महोत्सव अरुणाचल जीआई महोत्सव 2025 में भाग लेते हुए जोर देकर कहा है कि, अरुणाचल प्रदेश का लक्ष्य 2029 तक 50 से अधिक जीआई रेजिस्ट्रेशन करना है, ताकि सतत विकास और इसके विरासत उद्योगों की निरंतर वृद्धि सुनिश्चित हो सके। श्री मेन ने इस बात पर जोर दिया कि जियोग्राफिकल इंडेक्स (जीआई) विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्रों से जुड़े उत्पादों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ये उत्पाद राज्य की विरासत और आर्थिक विकास का अभिन्न अंग हैं। उन्होंने नाबार्ड के निरंतर प्रयासों और पद्मश्री डॉ. रजनीकांत को 24 और उत्पादों के लिए आवेदन के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

0000000000000000000000000

मौसम विज्ञान केंद्र, ईटानगर द्वारा राज्य के वेस्ट कामेंग, ईस्ट कामेंग, पापुम-पारे, लोअर सुबनसिरी, कामले, अपर सुबनसिरी, शी-योमी, लेपा रादा, ईस्ट सियांग, दिबांग वैली, नामसाई एवं चांगलांग जिले के लिए येलो अलर्ट और क्रादादी, लोअर सियांग, लोहित और अंजाव जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ तेज से बहुत तेज बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है।

0000000000000000000000

ऑपरेशन डॉन 2.0 के तहत, मादक पदार्थों की अवैध बिक्री के बारे में विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए, ईस्ट सियांग पुलिस के एंटी ड्रग स्क्वाड द्वारा त्वरित अभियान चलाते हुए गत गुरुवार एक ड्रग पेडलर को गिरफ्तार किया और लगभग 30.72 ग्राम के चार प्लास्टिक कंटेनर में संदिग्ध हेरोइन जब्त की और एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 (बी) के तहत रुक्सिन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। इस बीच, ईस्ट सियांग के पुलिस अधीक्षक ने एडीएस टीम के प्रयासों की सराहना की है और नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों के खिलाफ ज़ीरो टॉलेरेंस की नीति के लिए जिला पुलिस की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया है।

0000000000000000000000

राज्य सरकार द्वारा आज देरा नातुंग गवर्मेंट कॉलेज, ईटानगर में हैदराबाद स्थित एआई कंपनी इक्साइल टेक्नोलॉजीस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से एक पायलट-प्रोजेक्ट शुरू किया गया, जिसके तहत पाँच सौ छात्रों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-बेस्ड एसेस्मेंट पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया। पायलट प्रोजेक्ट का उद्देश्य वास्तविक समय के डेटा और रिपोर्ट एकत्र कर एआई-संचालित और मूल्यांकन की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना है। दूरदर्शन के साथ बातचीत में, डीएनजीसी के प्रिंसिपल डॉ. एम.क्यू. खान ने बताया कि एआई-मूल्यांकन कार्यक्रम पिछले 24 फरवरी को शुरू हुआ था और 500 से अधिक छात्रों ने मूल्यांकन दिया है।

0000000000000000000000

उन्नत भारत अभियान, NERIST सेल की एक टीम द्वारा हाल ही में स्थानीय किसानों के साथ एमची, दोईमुख में सरकारी मत्स्य पालन विभाग का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य स्थानीय किसानों के लिए उन्नत मछली पालन तकनीकों और टिकाऊ जलीय कृषि प्रथाओं के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने साथ ही आधुनिक मछली पालन तकनीकों और उनके अनुप्रयोगों को समझना और स्थानीय किसानों को मछली उत्पादन में सुधार के लिए व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था।

00000000000

राज्य सरकार द्वारा आज देरा नातुंग गवर्मेंट कॉलेज, ईटानगर में हैदराबाद स्थित एआई कंपनी इक्साइल टेक्नोलॉजीस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से एक पायलट-प्रोजेक्ट शुरू किया गया, जिसके तहत पाँच सौ छात्रों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-बेस्ड एसेस्मेंट पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया। पायलट प्रोजेक्ट का उद्देश्य वास्तविक समय के डेटा और रिपोर्ट एकत्र कर एआई-संचालित और मूल्यांकन की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना है। दूरदर्शन के साथ बातचीत में, डीएनजीसी के प्रिंसिपल डॉ. एम.क्यू. खान ने बताया कि एआई-मूल्यांकन कार्यक्रम पिछले 24 फरवरी को शुरू हुआ था और 500 से अधिक छात्रों ने मूल्यांकन दिया है।

00000000000

महिला एवं बाल विकास विभाग, ईस्ट सियांग द्वारा कल डीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के तहत से महिलाओं की सुरक्षा, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 तथा ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के प्रशिक्षण पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए उपायुक्त ताई ताग्गू ने कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के उल्लंघन के प्रति जीरो टोलारेंस पर जोर दिया। उन्होंने भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के शी-बॉक्स पोर्टल के माध्यम से शिकायतों के निवारण सहित सभी हितधारकों के लिए जागरूकता पैदा करने की पहल की सराहना की।

0000000000000000000